भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †2422

सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्रचारकों की नियुक्ति**

**†2422. श्री शफी परम्बिलः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया प्रचारकों की बढ़ती भूमिका से अवगत है;

(ख) क्या राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार के पास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्रचारकों को नियुक्त करने की कोई योजना/दिशानिर्देश हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा इस पर राज्य-वार कितनी निधि का उपयोग किया गया है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): जी हाँ, मंत्रालय नियमित रूप से अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश के पर्यटन स्थलों, उत्पादों और विभिन्न गतिविधियों का सक्रिय रूप से प्रचार करता है। मंत्रालय, पर्यटन स्थलों, उत्पादों, अनुभवों और समय-समय पर अपने द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के लिए प्राप्त अनुरोधों और जन सहभागिता संबंधी पहलों, दोनों के माध्यम से सोशल मीडिया पर प्रभावशाली हस्तियों के साथ जुड़ता है।

*******